# सीपीसीटी पास किए बगैर नहीं होंगे शासकीय सेवक

## जीएडी के पुराने नियमों की गलत व्याख्या कर नियमित करने वाले अफसरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 30 मई. प्रदेश में ऐसे शासकीय सेवक जो कि परिवीक्षा अवधि में है, जब तक वे सीपीसीटी परीक्षा पास नहीं कर लेंगे, उन्हें नियमित नहीं किया जाएगा. विशेष रूप से सहायक ग्रेड-3 के मामलों में राज्य सरकार ने स्थिति साफ कर दी है.**

इस संबंध में प्रदेश में बनी गफलत की स्थिति को साफ करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभाग आयुक्त, कलेक्टरों सहित सभी जिम्मेदार अफसरों को पत्र भेज दिया है. पत्र में साफ किया गया है कि यदि जीएडी के पूर्व में जारी पत्र की गलत व्याख्या करते हुए किसी विभाग में परिवीक्षा अवधि वालों को नियमित किया गया है, तो फिर ऐसे अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए.

दरअसल प्रदेश के कुछ विभागों ने 40 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर अपने विभागों में नियमित पदों पर भर्ती होने वाले शासकीय सेवकों विशेष रूप से सहायक ग्रेड-3 वालों को सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व में जारी आदेश की गलत व्याख्या कर नियमित कर दिया है. इसके लिए विभागों ने सामान्य प्रशासन विभाग के 15 नवंबर 1984 और 16 जनवरी 1992 को जारी परिपत्र को आधार बनाकर अपने विभागों में ऐसे मामलों में शासकीय सेवकों को नियमित कर दिया है. लिहाजा अब जीएडी ने साफ किया है कि राज्य सरकार के कार्यों को दक्षता से पूरा करने के लिए सेवाओं की अर्हताएं तय की है. सहायक ग्रेड-3 के पद के लिए सीपीसीटी परीक्षा यानी कम्प्यूटर प्रोसिसिएंसी सर्टिफिकेशन टेस्ट को अनिवार्य अर्हता तय की है. जीएडी के 15 नवंबर 1984 और 16 जनवरी 1992 को जारी परिपत्र हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा में छूट से संबंधित है. जबकि सीपीसीटी परीक्षा कम्प्यूटर दक्षता से संबंधित है. हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा यानी हिन्दी टॉयपिंग टेस्ट और सीपीसीटी परीक्षा अलग- अलग अर्हताएं हैं.

दरअसल प्रदेश में वर्ग तीन की नियुक्तियों में सीपीसीटी की परीक्षा पास करने की अनिवार्यता लागू है, लिहाजा बड़ी संख्या में संविदा और नियमित वाले पदों पर भर्ती होने वाले उम्मीदवार सीपीसीटी परीक्षा पास कर लेते हैं, लेकिन पास नहीं करने वालों को नियमित होने के लिए मौका दिया जाता है. उन्हें अधिकतम 40 वर्ष की आयु तक ये मौका दिया जाता है, तब तक वे परिवीक्षा अवधि में कार्यरत रह सकते हैं. सीपीसीटी परीक्षा पास नहीं करने पर सेवा से बाहर कर दिया जाता है. ताजा मामले में अलग- अलग विभागों से जानकारी मिलने के बाद जीएडी ने ये निर्देश जारी किए हैं.

> इसी क्रम में जीएडी ने साफ किया है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सीपीसीटी परीक्षा से छूट के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया है और न ही इस संबंध में कोई निर्देश जारी किए गए हैं. इसलिए यदि विभागों ने ऐसे मामलों में किसी शासकीय सेवक को नियमित किया है तो फिर उस आदेश को निरस्त किया जाए. जिनमें सीपीसीटी परीक्षा में छूट देकर शासकीय सेवकों की परिवीक्षा समाप्त कर नियमितीकरण की कार्रवाई की गई है. जीएडी ने बाकायदा सभी विभागों को ये भी निर्देश दिए हैं कि ऐसा करने वाले संबंधित अधिकारी के खिलाफ समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें.

## मंत्रालय के गलियारे से

# पीएस की क्लास में फेल हो गए ईएनसी

**कन्हैया लोधी**

पिछले दिनों मंत्रालय में एक प्रमुख सचिव के कक्ष में दिलचस्प मामला हुआ. साहब के सामने विभाग के दो-दो ईएनसी बैठे थे. वे किसी महत्वपूर्ण दस्तावेज पर चर्चारत थे. इस बीच पीएस ने अंग्रेजी में लिखे दस्तावेज को एक ईएनसी की तरफ बढ़ाते हुए कहा कि मुझे बताएं इसमें क्या है. ईएनसी साहब नीचे सिर किए समझने की कोशिश में जुट गए, लेकिन पीएस को नहीं बता पाए कि इसमें आखिर लिखा क्या है. अब दस्तावेज वापस लेकर पीएस ने दूसरे ईएनसी की तरफ बढ़ा दिया, सवाल वही कि बताएं इसमें लिखी बातों का क्या मतलब है. अब ये ईएनसी भी पीएस को नहीं बता पाए कि आखिर इसमें लिखी बातों का मतलब क्या है. आखिरकार पीएस ने कागज वापस ले लिया.

### मंत्री के खिलाफ विधायक का मोर्चा

सत्ता पक्ष के एक विधायक ने एक मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. विधायक महोदय अपनी साफगोई के लिए मशहूर हैं. उन्होंने क्षेत्र में बिजली की शिकायत को लेकर अफसरों को घेर लिया. यहां तक तो ठीक था, लेकिन वे विभाग के मंत्री पर बरस पड़े. उन्होंने मंत्री के फेलियर को लेकर उन्हें जमकर कटघरे में खड़ा किया. विधायक के मुताबिक मंत्रीजी विभाग का काम छोड़ बाकी सब काम करते हैं और सस्ती लोकप्रियता के लिए सारे जतन करते हैं. उन्होंने तो मंत्री को हटाने और शिकायत सीएम तक पहुंचाने की धमकी दे दी है. अब देखना ये है कि उनकी धमकी क्या असर दिखाती है.

### सांसद महोदय का दर्द

क्या है कि यदि दर्द किसी और से मिले तो इंसान आसानी से झेल जाता है, और जमाने का दस्तूर मानकर इसे स्वीकार भी कर लेता है, लेकिन जब अपने ही दर्द देने लगे तो इसकी टिस दिल के अंदर तक चूभती है. कुछ इसी तरह का दर्द एक सांसद महोदय झेल रहे हैं. सांसद महोदय का कद बड़ा है, इतना बड़ा कि उन्हें केंद्रीय मंत्री के दावेदारों तक में

### क्या किसी काम आएगी मेहनत

प्रदेश के एक कद्दावर मंत्री लगता है जैसे प्रदेश के एक अभियान को सफल बनाने का जिम्मा जैसे अपने ही कंधे पर उठा लिया है. प्रदेश में इस समय जल गंगा संवर्धन अभियान चल रहा है. इस अभियान में मंत्रीजी के विभाग की बड़ी भूमिका है. लिहाजा साहब जब चाहें तब किसी नदी, नाले और सरोवर के किनारे अक्सर ही मिल जाते हैं.

# 90 हजार छात्रों ने की ऑनलाइन काउंसलिंग

## दूसरे दौर के लिए 3 जून तक रजिस्ट्रेशन का मौका

**07 जून को जारी होगी चयनित विद्यार्थियों की सूची**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 30 मई. प्रदेश के सरकारी और निजी कॉलेजों में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के पहले चरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है.**

वहीं आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पहले चरण की अंतिम तारीख 26 मई तक प्रदेश भर के कॉलेजों में कुल 90 हजार 590 विद्यार्थियों ने दाखिला ले लिया है. इसमें स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 73 हजार 990 छात्रों ने और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 17 हजार 592 उम्मीदवारों ने सरकारी और निजी कॉलेजों में अपनी सीटें पक्की की हैं. वहीं केंद्रीयकृत ऑनलाइन काउंसलिंग के इस पहले दौर में विभाग द्वारा सरकारी और निजी संस्थानों को मिलाकर कुल 1 लाख 32 हजार 190 छात्रों को कॉलेज आवंटित किए गए थे. जिसमें स्नातक स्तर पर 1 लाख 7 हजार 75 और परास्नातक स्तर पर 25 हजार 123 छात्र शामिल थे.

पहले चरण की ऑनलाइन प्रवेश काउंसलिंग समाप्त होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने अब दूसरे दौर की काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो खोल दी है. जिसके लिये छात्र 3 जून तक नए सिरे से पंजीकरण कराने और अपनी चॉइस फिलिंग में बदलाव कर सकते हैं. बता दें दूसरे चरण की अलॉटमेंट लिस्ट 7 जून को जारी की जाएगी. जिसमें चुने गए उम्मीदवारों को 13 जून से पहले फीस जमा कर अपना दाखिला कन्फर्म करना होगा.

### विषय बदलने के लिए देने होंगे इंटरव्यू

उच्च शिक्षा विभाग ने पहले और दूसरे चरण के बाद तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा भी कर दी है. जो कॉलेज लेवल काउंसलिंग यानी सीएलसी राउंड के जरिए होगी. बता दें सीएलसी के लिए रजिस्ट्रेशन 8 जून से शुरू होकर 19 जून तक चलेंगे. इसके बाद कॉलेज 23 जून को अपनी मेरिट लिस्ट जारी करेंगे. जिसमें चयनित छात्रों को 30 जून तक फीस जमा करनी होगी. इसके अलावा जो छात्र यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में अपने विषयों को बदलना चाहते हैं, वे अपने संबंधित जिलों के निर्धारित लीड कॉलेजों में एक छोटे से इंटरव्यू में शामिल होकर पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं.

# आज सीएम यादव सुनेंगे पीएम के मन की बात

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 30 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात कार्यक्रम को 31 मई रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाजापुर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल बैतूल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह खण्डवा जिले में सुनेंगे.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को प्रातः 11 बजे शुजालपुर विधानसभा के बूथ क्र. 258, जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल बैतूल विधानसभा के खेड़ी सावलीगढ़ मंडल के बूथ क्रमांक 223, ग्राम खेड़ी सांवलीगढ़ में ओमकार पवार के कृषि फॉर्म पर एवं भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह मांधाता विधानसभा के ग्राम भोसली, बूथ क्र. 51 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कृषकों, भाजपा कार्यकर्ताओं तथा स्थानीयजनों के साथ सुनेंगे. इसी तरह प्रदेश शासन के मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता प्रदेश भर के अलग-अलग बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे.

# कार को टक्कर मारने वाला हाइवा वाहन जब्त

## माजनखुर्द में हुआ था हादसा, चालक के विरूद्ध कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 मई। नवानगर थाना क्षेत्र के माजनखुर्द के पास आज शनिवार को रेत से भरा एक हाइवा वाहन चालक ने मारूति कार में टक्कर मार दिया था। इस हादसे में कार वाहन में सवार बाल-बाल बच गये थे, लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। फरियादी की रिपोर्ट पर नवानगर पुलिस ने हाइवा वाहन जप्त कर चालक के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।**

इस संबंध में नवानगर टीआई डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि आज शनिवार को फरियादी राकेश कुमार पाण्डेय पिता आदित्य प्रसाद पाण्डेय उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम कथुरा थाना माड़ा, हाल निवासी क्वार्टर क्रमांक बी-591, सेक्टर-बी दुद्धिचुआ, चौकी जयंत थाना

विंध्यनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह 17 मई को अपनी मारुति फ्रोंक्स कार क्रमांक एमपी 66 जेडएच 9743 से अपने परिवार सहित ग्राम कथुरा से दुद्धिचुआ स्थित अपने निवास जा रहे थे। प्रातः लगभग 9:15 बजे जब वे माजन खुर्द के पास पहुंचे, तभी पीछे से एक नीले-सफेद रंग का टाटा कंपनी का हाइवा, जिस पर कोई पंजीयन नंबर अंकित नहीं था, उसका चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आया और उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे दुर्घटना घटित हुई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नवानगर में दर्ज कर धारा 281 एवं 125(क) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान सहायक खनिज अधिकारी द्वारा उक्त बिना नंबर के रेत लोड हाइवा के विरुद्ध अवैध रूप से खनिज रेत का परिवहन किए जाने के संबंध में कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त किया गया। जप्त हाइवा को नियमानुसार थाना नवानगर परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। मामले की विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में सउनि अरविन्द चतुर्वेदी, सउनि अजीत सिंह, प्रआर प्रवीण सिंह, जितेन्द्र सेंगर, आर दिलीप धाकड़ एवं अमृत राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शहडोल में दो कारों से 350 किलो गांजा जब्त

**शहडोल.** जिले के जयसिंह नगर पुलिस ने देर रात दो लग्जरी कारों को में लदा 350 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि दोनों कारें ओड़िशा से छत्तीसगढ़ आयी और शहडोल से उत्तर प्रदेश जा रही थी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रात के अंधेरे में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अन्य पांच आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये. पकड़े गये आरोपी का नाम राहुल कुमार चर्मकार है. सूत्रों का दावा है कि कार सहित 30 लाख रुपए का माल जब्त हुआ है. पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी राहुल को गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया.

# पुलिस की तत्परता से दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग बालिकाएं दस्तयाब

## कमर्जी पुलिस ने 7 घंटे में बालिका को खोज निकाला, भुइमाड़ पुलिस ने दमोह से दस्तयाब कर आरोपिया को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 30 मई, पुलिस की तत्परता से दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग बालिकाएं सकुशल दस्तयाब की गई। कमर्जी पुलिस ने 7 घंटे में बालिका को खोज निकाला और भुइमाड़ पुलिस ने दमोह से दस्तयाब कर आरोपिया को गिरफ्तार किया।**

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना कमर्जी एवं भुइमाड़ पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। एक प्रकरण में आरोपिया महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। प्रथम मामले में थाना कमर्जी में फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री दिनांक 26 मई 2026 को दोपहर घर पर थी लेकिन शाम के समय अचानक लापता हो गई। परिजनों द्वारा गांव एवं रिश्तेदारी में तलाश करने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर थाना कमर्जी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फरियादिया की रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कमर्जी पुलिस द्वारा तत्काल विशेष टीम गठित कर संभावित स्थानों पर सघन तलाश शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस टीम ने महज 7 घंटे के भीतर दिनांक 27 मई 2026 को नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया। पूंछताछ में बालिका ने बताया कि पिता की डांट-फटकार के कारण वह घर छोड़कर चली गई थी। बालिका की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए उसे वन स्टॉप सेंटर सीधी में रखा गया। काउंसलिंग के बाद दिनांक 29 मई 2026 को बालिका को विधिवत उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कमर्जी उप निरीक्षक इन्द्राज सिंह के नेतृत्व में सउनि मनोज वर्मा एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

**बेचने की नीयत से ले जाने वाली महिला गिरफ्तार**-पुलिस के अनुसार दिनांक 28 मई 2026 को थाना भुइमाड़ में फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री दिनांक 27 मई 2026 की सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा तलाश के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिलने पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि पड़ोस में रहने वाली एक महिला, जो वर्तमान में दमोह में निवासरत है, नाबालिग को बहला-फुसलाकर बेचने की नीयत से अपने साथ ले गई है। सूचना पर थाना भुइमाड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दमोह पहुंचकर नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया तथा आरोपिया महिला को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। वैधानिक कार्यवाही उपरांत नाबालिग बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा आरोपिया को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी भुइमाड़ उनि डीडी सिंह एवं थाना स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

# आदिवासी अधिकारों को मजबूत करेगी कांग्रेस

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 30 मई. मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक शनिवार को भोपाल स्थित इंदिरा भवन में आयोजित की गई.**

बैठक में आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन को प्रदेशभर में और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल सहित वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा, बाला बच्चन, सुखदेव पांसे, पी.सी. शर्मा, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम और महेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे.

> बैठक में आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा तथा आदिवासियों के साथ होने वाले कथित अन्याय के खिलाफ संघर्ष को तेज करने पर विस्तृत चर्चा हुई. नेताओं ने संकल्प दोहराया कि आदिवासी समाज की आवाज को हर स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा तथा उनके सम्मान, अधिकारों और न्याय के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा.

# करोड़ों की संपत्ति हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन.** नानाखेड़ा पुलिस थाना एवं अपराध शाखा ने संयुक्त कार्रवाई कर फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर करोड़ों की संपत्ति हड़पने के मामले में दस हजार के इनामी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. फर्जी आधार कार्ड तैयार कर धोखाधड़ी में सहयोग करने वाला आरोपी लंबे समय से फरार था अपराध शाख पुलिस टीम और नानाखेड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से आरोपी को गिरफ्तार किया जा सका. पुलिस ने बताया कि 18 अक्टूबर 2025 को मोहन नागर द्वारा थाना नानाखेड़ा पर शिकायत दर्ज कराई और उनकी बहन सत्यभामा नागर के स्वामित्व वाले प्लॉट वेदनगर को हड़पने के उद्देश्य से आरोपी कैलाश ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर निष्पादित कार्रवाई की.

# प्रदेश में ओलावृष्टि-बारिश का अलर्ट

**09 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी**

**भोपाल, 30 मई. नौतपा के बीच मध्यप्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है. भीषण गर्मी और लू से जूझ रहे लोगों को अब आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से बड़ी राहत मिलने के संकेत हैं. मौसम विभाग ने ग्वालियर समेत 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.**

मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, नीमच और मंदसौर में ओलावृष्टि की संभावना है. वहीं भोपाल, इंदौर और उज्जैन सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं. बारिश के बाद ग्वालियर और दतिया में तापमान करीब 10 डिग्री तक गिर गया, जिससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली. कई अन्य शहरों में भी तापमान में 3 से 7 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है.



### अगले चार दिन मौसम रहेगा सक्रिय

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 31 मई से 2 जून तक प्रदेश में मौसम का यह बदला हुआ स्वरूप बना रहेगा. कहीं तेज हवाओं के साथ बारिश होगी तो कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी देखने को मिल सकती है. हालांकि कुछ जिलों में लू का असर अभी भी बना रहेगा.

**छात्र चिंतित** | साल बचाने के दबाव में अन्य कॉलेजों में प्रोविजनल दाखिला लेने की मजबूरी

# सीयूईटी की सुस्त रफ्तार से छात्रों का भविष्य अधर में




**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 30 मई. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाने वाली सीयूईटी यूजी परीक्षा की सुस्त रफ्तार ने मध्य प्रदेश के 12 वीं पास छात्रों की चिंता बढ़ा दी है.**

परीक्षा प्रक्रिया में हो रही अत्यधिक देरी के कारण राज्य के हजारों विद्यार्थियों के सामने समय पर कालेजों में दाखिला न ले पाने का डर सता रहा है. वहीं दूसरी तरफ उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश भर के 1400 से अधिक सरकारी और निजी कॉलेजों में नियमित प्रवेश प्रक्रिया धड़ल्ले से शुरू कर दी है.

जहां वर्तमान में छात्रों के दस्तावेजों का सत्यापन का कार्य तेजी से चल रहा है. इस असंतुलन के कारण छात्रों में भारी भ्रम और मानसिक दबाव की स्थिति निर्मित हो गई है.

### सीएलसी राउंड की उम्मीद

शिक्षाविदों का मानना है कि सीयूईटी के तहत उपलब्ध सीटें सीमित हैं. वहीं हर छात्र को मनपसंद कोर्स मिलना संभव नहीं है. इसलिये छात्र उच्च शिक्षा विभाग के नियमित पाठ्यक्रमों जैसे बीबीए और बीसीए की काउंसलिंग में भी साथ-साथ भाग ले रहे हैं.

### टाइमलाइन के मिसमैच से बढ़ी उलझन

उच्च शिक्षा विभाग के कॉलेजों और सीयूईटी के प्रवेश शेड्यूल के बीच समय का बड़ा अंतर होने से छात्र परेशान हैं. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की यह परीक्षा जहां 31 मई को समाप्त हो रही है. वहीं परीक्षा के बाद परिणाम आने और फिर काउंसलिंग का पहला चरण पूरा होने में लगभग 2 महीने का समय लग सकता है. ऐसे में देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिले की उम्मीद लगाए बैठे छात्र लंबा इंतजार करने का जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं. उन्हें डर है कि यदि सीयूईटी काउंसलिंग के भरोसे बैठे रहे और वहां चयन नहीं हुआ, तो सामान्य कॉलेजों की सीटें भी फुल हो जाएंगी. इसी शैक्षणिक वर्ष के खराब होने के डर से मजबूर होकर छात्र बैकअप विकल्प के तौर पर अन्य प्राइवेट और सरकारी कॉलेजों में प्रोविजनल एडमिशन ले रहे हैं.

# काचीगुडा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस अब नियमित नंबर से चलेगी

**मंडल के हरदा, इटारसी एवं भोपाल स्टेशनों पर ठहराव**

**भोपाल, 30 मई. यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने काचीगुडा-श्री गंगानगर-काचीगुडा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को अब नियमित नंबर के साथ चलाने का निर्णय लिया है.**

पहले यह ट्रेन स्पेशल सेवा के रूप में (07053/07054) संचालित हो रही थी, जिसे अब 17601/17602 नियमित ट्रेन नंबर के तहत चलाया जाएगा. रेल प्रशासन के अनुसार गाड़ी संख्या 17601 काचीगुडा से हर शनिवार रात 22:00 बजे रवाना होकर तीसरे दिन सोमवार रात 21:30 बजे श्री गंगानगर पहुंचेगी. वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 17602 श्री गंगानगर से मंगलवार सुबह 06:55 बजे प्रस्थान कर गुरुवार सुबह 07:15 बजे काचीगुडा पहुंचेगी. यह ट्रेन हरदा, इटारसी और भोपाल सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव लेगी, जिससे मध्य प्रदेश के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा. इसके अलावा यह ट्रेन उज्जैन, कोटा, जयपुर, बीकानेर और अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर गुजरेगी. रेलवे ने बताया कि ट्रेन में 2 एसी सेकेंड क्लास, 8 एसी थर्ड क्लास, 6 स्लीपर और 4 जनरल कोच सहित कुल 22 कोच होंगे. यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे विस्तृत समय-सारणी और उपलब्धता की जानकारी एनटीईएस ऐप या रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त करें.

# मिनी अवैध हथियार फैक्ट्री का पर्दाफाश

**धार.** जिले में अवैध हथियारों के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गंधवानी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने गंधवानी के समीप बारिया गांव में चल रही एक मिनी अवैध हथियार फैक्ट्री पर छापा मारकर भारी मात्रा में हथियार और उन्हें बनाने की सामग्री जब्त कर मौके से एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है.

**FOR SALE**
3 BHK FLAT for SALE:
Shree Shyam Regency:
Shankheshwar City:
Jakhya Indore: Near
SAIMS College: 5th
Floor 1325 sqft
9425845234